वी.यू. – 75वाँ गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न

जबलपुर। आज दिनांक 26 जनवरी 2024को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर मुख्यालय व पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी, के मुख्य आतिथ्य में 75 वाँ गणतंत्र दिवस विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित नानाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात ध्वज पूजन एवं ध्वजारोहण किया।

अपने उद्बोधन में 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी विश्वविद्यालय परिवार को अपनी हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की है। विश्वविद्यालय द्वारा की गई अनेकों अनेक उपलब्धियां को बताते हुए कहां कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन और बढ़ाने की आवश्यकता है जो की गायों के नस्ल सुधार से पूरा किया जा सकता है। साथ ही कुकुट पालन और मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हमारे प्रदेश तथा देश में है जिस ओर हमें और कार्य करना है जिससे उनसे जुड़े किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। कुलपति ने विश्वविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति व विकास के लिए सभी को एक जुट होकर एक उद्देश्य के तहत आगे बढ़ाना है जिससे हम अपने विश्वविद्यालय को और ऊंचाइयों तक ले जा सके। गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्र–छात्राओं ने देश भक्ति के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, संचालक अनुसंधान डॉ. एस.एस. तोमर,

संचालक प्रक्षेत्र डॉ. जी.पी. लखानी, संचालक विस्तार डॉ. मधु स्वामी, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. एस.के. महाजन, संचालक वाइल्डलाइफ डॉ. शोभा जावरे, संचालक पश्रोपाधि डॉ. बी. रॉय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आदित्य मिश्रा, संचालक बायोटेक्नोलॉजी डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. घोष, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, विभाग प्रमुख डॉ. वेटनरी कॉलेज एवं, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापक, छात्र–छात्राएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन सहायक कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा एवं आभार ज्ञापन कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)